छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन तथा सूरजपुर जिले के यशस्वी कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के सफल मार्गदर्शन में 14 अगस्त 2023 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूरजपुर जिले में किया जाना है। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि स्वतंत्रता दौड का आयोजन 14 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक होते हुये स्टेडियम ग्राउण्ड में संपन्न होगी। स्वतंत्रता दौड में जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, मीडिया, खिलाड़ी सहित महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा भाग लेंगे।

### सिर पर अमानक खाद लेकर कलेक्ट्रेट पहुँचे भाजपा कार्यकर्ता

**राजनांदगांव।** अमानक खाद को जबरदस्ती किसानों को लादने के विरोध में आज धरना प्रदर्शन एवं कलेक्टर घेराव किया गया।भारतीय जनता पार्टी एवं जिला भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम सभा को सांसद संतोष पांडे,खूबचंद पारख , कोमल सिंह राजपूत, गीता घासी साहू, नीलू शर्मा,हिरेन्द्र साहू,शशिकांत द्विवेदी,राजेंद्र गोलछा,चन्द्रिका प्रसाद डडसेना सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए भूपेश बघेल सरकार को जमकर कोसते हुए हल्ला बोला।

महावीर चौक से भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हैं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने अपने सिर पर अमानक खाद को लेकर जमकर हल्ला बोलते हुए कलेक्टर घेराव किया और पुलिस के साथ जमकर धक्का-मुक्की करते हुए सरकार के खिलाफ पहला बेरिकेट को तोड़कर जमकर हल्ला बोला।

संतोष पांडे सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनांदगाव, अवधेश सिंह चंदेल जिला प्रभारी संगठन , इन्दुमति साहू,चुकेश्वर साहू ,हेमिन लाउत्रे, बोधीराम, बोधन साहू, रोहित चन्द्राकर, भेष बाई साहू, हिरेन्द्र साहू, खिलेश्वर साहू, विजेन्द्र सिंग, तामेश्वर साहू , किसुन साहु, दीपक निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जिले के 5 लाख 70 मे 2 लाख 75 हजार महिलाओं को रोजगार नही चुनाव में पड़ेगा असर

श्रमबिन्दु / गरियाबंद



एक ओर प्रदेश के मुखिया गांव के अंतिम महिलाओ को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं में आधारशील रखे है तो दूसरी ओर ज़िला मे हजारों महिलाओ को मनरेगा से मानव दिवस सृजित करने में आज भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है तभी जिले के 5 ब्लॉक में से किसी भी ब्लॉक ने 55 प्रतिशत रोजगार देने का आंकड़ा को पार नही किया शायद यही वजह है की ज़िम्मेदार अधिकारियों पर रोजगार देने जैसे अन्य प्रमूख कार्य को अनदेखा कर मलाईदार काम को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया जा रहा है 2 माह पुर्व रिपोर्ट अनुसार 5 विकासखंड में एससी एसटी सहित अन्य 5 लाख 70 हजार 264 महिलाएं पंजीकृत है जिनमे से सिर्फ 2 लाख 94 हज़ार 683 महिलाओ को रोजगार मिल पाया बाकी मजदूर महिला अभी भी मनरेगा योजना में मानव दिवस सृजित करने के लिए पंचायत एवं अधिकारियों के बीच जद्दोजहद करते रहें तभी यह संख्या लगभग सिमट गया है सबसे दयनीय स्थिति मैनपुर का है इस ब्लॉक मे 78 हज़ार 541 महिलाओ मे से 39002 को रोजगार मिला मतलब 49.66 प्रतिशत मिल पाया ऐसे ही हाल छूरा मे देखने को मिला है जहां 95020 में 48205 को रोजगार प्राप्त हुआ रहा एवम् फिंगेश्वर 124884 में से 66907 को ही रोजगार से जोड़ने में कामयाब रहे हालांकि गरियाबंद थोड़ा बहुत ठीक रहा तभी 82392 मे से 43801 को रोजगार हासिल हुआ और वर्तमान में तालाब गहरीकरण जैसे अन्य मिट्टी वर्क शुरू होना मुश्किल है मतलब माहिलाओ को मानव दिवस सृजित करने में सितंबर अक्टूबर तक इंतजार करना पड़ेगा सबसे अफ़सोस की बात तो यह है कि ब्लॉक से लेकर राज्यस्तर तक मॉनिटरिंग करने के बावजूद महिलाओ के साथ अधिकारियों द्वारा छलावा किया गया हालंकि जनपद सीईओ अपने अपने स्तर पर महिलाओ को रोजगार से जोड़ने का दावा कर रहें हैं लेकिन यह दावा कार्यलय के चार दीवारों के बीच नज़र आता है जिला सीईओ के भूमिका पर महिला मजदूरी ने उठाया सवाल : देवभोग ब्लॉक के दरलीपारा गंगराजपुर करचिया अन्य पंचायत के कुछ महिलाओ से चर्चा करने पर बताया की जिला पंचायत सीईओ के पद पर महिला को आसीन देख काफी उम्मीद रही की पहले के तुलना इस बार महिलाओ मनरेगा योजना के तहत बढ़चढ़ कर रोजगार से जोड़ा जाएगा।

लेकिन महिलाओ के रोजगार प्रतिशत देख आश पूरी तरह खत्म हो गई जबकि खेत खलियान में रोजगार मिलने या फिर घर बैठना मजबूरी होता है मजदूर महिलाओ की माने तो क्षेत्र में ना कोई फैक्ट्री है और ना नियमित रोजगार के लिए किसी प्रकार कोई साधन है फिर भी महिलाओ को मानव दिवस सृजित करने से वंचित रखा गया जबकि महिलाओ को मानव दिवस से जोड़ना अतिआवश्यक माना जाता है ताकि थोड़ी बहुत पैसा बचाकर घर परिवार की छोटी बड़ी जरूरत को पुरा किया जा सके ।

#### चुनाव पर पड़ सकता हैं असर :

पिछड़ा इलाका होने के चलते ज्यादातर लोग प्रशासनिक उदासीनता को सरकार की नाकामी बताकर पार्टी से दूरी बना लेते हैं जिसका खमियाजा सरकार या पार्टी को भरना पढ़ता और ऐसा कुछ इस बार भी नजर आने की पूरी संभावना है बकायदा रोजगार नही मिलने की बात तो अभी गांव महल्ले में सुनने को मिल रहा है मतलब मलाईदार काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले अधिकारियों का सफर भूपेश बघेल सरकार को करना पड़ेगा क्योंकि ज्यादातर महिलाओं को रोजगार नही मिलने से काफी नाराज़गी जाहीर कर रहे हैं।

## जंगल रेंगाखार में लाभार्थी सम्मेलनों की बनी योजना



श्रमबिन्दु / कवर्धा

मंडलों में बूथ स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा और बीएलओ के प्रशिक्षण विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी की रेंगाखार मंडल की आवश्यक बैठक आज संपन्न हुई. इस बैठक के प्रभारी पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी थे. इस बैठक में मंडल के सभी शक्तिकेंद्रों के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक और बूथ अध्यक्ष तथा बीएलओ उपस्थित रहे. इन महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं को बूथ संगठन की जानकारी देते हुए श्री चंद्रवंशी ने अगस्त माह में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य में जुट जाने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा की संगठन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण दायित्व बूथ कार्यकर्ताओं का होता है जो जीत में सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं. साथ ही उन्होंने मंडल के सभी शक्तिकेंद्रों में होने वाले लाभार्थी सम्मेलन की योजना बनाते हुए इसके प्रभारी भी तय किए. मंडल अध्यक्ष मंगलू पोर्ते ने मंडल कार्यों का वृत्त प्रस्तुत करते हुए पिछले तीन माह के संगठनात्मक कार्यों की जानकारी दी. इस बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर पटले,कपूरचंद्र ठाकरे ,मनिराम यादव,राजकुमार मरावी,,धूप सिंह धुर्वे ,रघुनाथ सिंह साहू , शिव कुम्हकार, सालिक राम पटले,देवी लाल खुसरे,खुरन मेरावी , खेदू कुम्हकार, भरत पटेल, धनसाय साहू,रामभज यादव, रूखमणी पटेल, कमलेश राठौर, पंचू यादव, चंद्रकुमार यादव, मंगल मेरावी, संतू मेरावि, गजानंद यादव, चतुर सिंह धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## बीएसपी क्षेत्र में भी मिलेगा हाफ बिजली बिल योजना का लाभ



श्रमबिन्दु / रायपुर

राज्य सरकार की हाफ बिजली बिल योजना का लाभ अब भिलाई टाउनशिप के हजारों उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग ने आज इसका आदेश जारी कर दिया। पहले भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के टाउनशिप में निवासरत उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलता था, क्योंकि उन्हें बीएसपी प्रबंधन विद्युत आपूर्ति करता है। लंबे समय से वहां के उपभोक्ताओं हाफ बिजली बिल योजना के तहत छूट देवो की मांग कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने बीएसपी कर्मियों को इसकी सौगात दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सभी घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा प्रति माह खपत की गई 400 यूनिट तक की बिजली पर प्रभावशाली विद्युत की दरों के आधार पर आंकलित बिल की राशि का आधी राशि देनी होती है। फरवरी 2019 से लागू इस योजना का लाभ 42.82 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा है। जिसमें अब तक 3900 करोड़ रूपए से अधिक राशि की छूट प्रदान की जा चुकी है। अब इसका लाभ बीएसपी क्षेत्र के 27 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को भी मिलेगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि बी.एस.पी. के डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी एरिया में सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 400 यूनिट तक की प्रति माह विद्युत खपत पर देय फिक्स्ड चार्ज, एनर्जी चार्ज एवं वेरियेबल कॉस्ट एडजस्टमेंट के मद में कुल देय राशि का 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह योजना 01 सितम्बर 2023 से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। उपभोक्ताओं को रियायत के समतुल्य राशि का अग्रिम भुगतान प्रतिपूर्ति के रूप में राज्य शासन द्वारा बी. एस.पी. को बजट के माध्यम से किया जाएगा। रियायत की राशि का प्रावधान बजट में किए जाने हेतु बी.एस.पी. के द्वारा समुचित प्रस्ताव समय-समय पर ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराया जाए, जिसके आधार पर राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान किया जायेगा।

## मिनी माता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया: मुक्ति दास बाबा

श्रमबिन्दु / नवागढ़



नगर पंचायत नवागढ़ में आयोजित ममतामई मिनीमाता की पुण्यतिथि एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया! समारोह में मुख्यअतिथि जगदुरु गुरुगद्दी नशीन खपरीपूरी धाम से मुक्ति दास बाबा हुए शामिल... सर्वप्रथम ममतामयि मिनी माता के मूर्ति पर माल्याअर्पण कर पूजा अर्चना कर उन्हे याद किए इस अवसर पर मुक्ति दास बाबा अपने आशीर्वचन में कहां की बाबा गुरु घासीदास के उपदेश एवम सिद्धांत में चलने के लिए पूरे समाज को प्रेरित किया कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संसदीय सचिव वा नवागढ़ विधायक गुरु दयाल सिंह ने कहां की

प्रथम महिला सांसद बनकर ममतामई मिनीमाता ने समाज एवं छत्तीसगढ़ वासियों को गौरवान्वित किया,मिनीमाता ने हमेशा दलित शोषित समाज के उत्थान के लिए संसद से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी है, वे महिलाओं के अधिकार के लिए हमेशा बात उठाती थीं,

सांसद रहते हुए मिनी माता ने बाल विवाह जैसी कू प्रथा को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई है, अंत्यावसाई वित्त विकास निगम के डायरेक्टर विजय बघेल ने कहा कि मिनीमाता का व्यक्तित्व अतुलनीय था, सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया,दलितों के नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिये अस्पृश्यता निवारण अधिनियम को संसद में पारित कराने में उन्होंने महती भूमिका निभाई,मिनीमाता ने समाज में महिलाओं का सम्मान दिलवाने के लिए जो कार्य किया, वह अद्वितीय है। मिनीमाता द्वारा प्रथम महिला सांसद के रूप में नारी शिक्षा, महिलाओं के विकास सहित समाज के सर्वकल्याण के लिए दिए गए सभी वक्तव्य सदैव अत्यधिक लोकप्रिय बने रहे हैं, सतनामी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान,परंपराओं,रीति-रिवाजों को सहेजे रखने के लिए जागरुक हैं, लगातार सौहार्दपूर्ण सामाजिक आयोजन इसका बड़ा उदाहरण है,ज्ञान-विज्ञान से लेकर खेती-किसानी और राजनीति-व्यापार तक हर क्षेत्र में सतनामी समाज छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं, यह प्रसन्नता का विषय है कि सतनामी समाज परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है मिनी माता हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं,समाज को एक नई दिशा दी है, इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण रहे उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग अवैध शराब परिवहन, संग्रहण तथा विक्रय पर लगातार कर रही कार्रवाई

श्रमबिन्दु / सूरजपुर




आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सचिव सह आबकारी आयुक्त श्री जनक प्रसाद पाठक एवं प्रबंध संचालक श्री आर. के. मंडावी के द्वारा दिए गए निर्देशों के तारतम्य में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री आई.बी. सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में आज आबकारी विभाग वृत्त प्रतापपुर के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया।

जिसमे क्षेत्र में बस स्टैंड, यात्री बस, ढाबों में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण तथा विक्रय की जांच और कार्यवाही की गई। विभिन्न स्थानों में अम्बिकापुर बनारस मुख्य मार्ग जरही में मालवाहक गाड़ियों खासकर अन्य प्रांत से आने जाने वाले वाहनों स्टेडियम के पास तेरा मेरा ढाबा व मानव ढाबा लटोरी में अवैध शराब धारण, विक्रय, मदिरापान तथा विदेशी मदिरा दुकान की जांच गई।

इस दौरान रीना पांडे पति दिनेश पांडे उम्र 36 वर्ष साकिन बड़सरा थाना भैयाथान से एक लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, सुषमा पति कृष्णा जाति केंवट साकिन हर्रापारा थाना भैयाथान से 4 लीटर हड़िया, कोसना तथा 40 महुआ लाहन जप्त किया गया। दोनों प्रकरण में धारा (34) की कार्यवाही की गयी।

उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रतापपुर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय, आबकारी आरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता, पारसनाथ गुप्ता, कमलेश्वर राजवाड़े, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाड़े तथा वाहन चालक प्रमोद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गौठान के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने कमाए 6.64 लाख रुपये

श्रमबिन्दु / सूरजपुर



छत्तीसगढ़ शासन कि अति महत्वपूर्ण, महत्वकांक्षी एवं फ्लेगशिप योजना का आरम्भ 20 जुलाई 2020 को हरेली त्यौहार के दिन ग्राम पंचायत सिलफिली में हुआ। गौठान जिसका कुल रकबा 12.50 एकड़ है। जिसके 7 एकड़ में चारागाह एवं बाड़ी का कुल रकबा लगभग 5 एकड़ है। जिसमें वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं केचुआ उत्पादन का कार्य किया जाने लगा। उक्त कार्यो में ग्राम के ही महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का बड़ी भागीदारी रही एवं उनके अथक परिश्रम के फलस्वरूप आज योजना प्रारंभ होने के तीन साल पश्चात् समूह की महिलाओं के आमदनी में आमूलचूल परिवर्तन आया है, जो उनके आत्मविश्वाश एवं उनके कठिन मेहनत में साफसाफ नजर आता है। योजना में सहभागी सभी महिलाओं का आर्थिक स्थिति योजना प्रारंभ से पहले उतनी अच्छी नहीं थी, परन्तु आज सभी महिलाएं आर्थिक रूप से अपने आप को सक्षम साबित करने एवं समाज में अपना अलग नाम बनाने में कामयाब हुए है। यह सब शासन के महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना से संभव हुआ है।

एक नजर महिलाओ समूह के आज तक के अर्जित आमदनी का पर

माँ दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह सिलफिली की 10 महिलाओं द्वारा वर्मी कम्पोस्ट 747.49 क्विंटल उत्पादन किया गया है। जिसमें से 732.49 क्विंटल विक्रय उपरांत राशि रूपये 2.26 लाख शुद्ध लाभ के रूप में महिला समूह को प्राप्त हुआ है। मशरूम उत्पादन से 16 हजार एवं केंचुआ उत्पादन से 14 हजार लाभ हुआ है। इस प्रकार समहू का कुल आय 2.56 लाख रहा है एवं वर्तमान में इनका उत्पादन सतत जारी है।

सरस्वती स्वयं सहायता समूह कि महिलाओ ने मुर्गीपालन से आज तक 45 हजार की आमदनी अर्जित किये है। महामाया स्वयं सहायता समूह एवं प्रगति सक्ति स्वयं सहायता समूह कि महिलाओ द्वारा बाड़ी उद्यानिकी एवं सब्जी की फसलों से आज तक कुल 3.63 लाख राशि आमदनी अर्जित किये है। इस प्रकार गौठान में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूह की कुल आय 6.64 लाख है। महिलाओं के द्वारा कि गई परिश्रम का परिणाम लाभ के रूप में मिला एवं जिससे महिलाये आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर अपने घरेलू जरूरतें एवं आवश्यक वस्तुए जैसे पलंग, फ्रीज एवं अन्य आवश्यक सामग्री का क्रय किया है।

आर्थिक स्थिति मजबूत होने से उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के उपचार, बेटियों की शादी, बच्चों की जरूरतें एवं शिक्षा दीक्षा में व्यय कर आत्मसम्मान से जीवन का निर्वहन कर रही है।

संपादकीय...

**उनकी यात्राओं का एक उल्लेखनीय पक्ष यह था कि वे अधिकांशतः पैदल चले और सभी दिशाओं में दूर-दूर तक गए।**

# पैदल यात्रियों की सुरक्षा को यकीनी बनाएं

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी ने समानता, करुणा और मानवता की सेवा के सिद्धांतों का प्रचार किया था। उनकी शिक्षाएं आज के संदर्भ में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, खासकर पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर। पैदल चलना-फिरना या आना-जाना वह वैश्विक नित्य कर्म है जो सबके जीवन का अभिन्न अंग है, यह किसी अन्य के साथ मिलकर रास्ता तय करने और किसी के मुक्त विचरण के अधिकार का द्योतक भी है। गुरु नानक ने न केवल इन मूल्यों पर जोर दिया बल्कि आचरण भी कर दिखाया। उनकी यात्राओं का एक उल्लेखनीय पक्ष यह था कि वे अधिकांशतः पैदल चले और सभी दिशाओं में दूर-दूर तक गए। पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को मान्यता देना यानि गुरु नानक जी की शिक्षाओं का आदर करना और उस समाज को बढ़ावा है जहां सड़कों पर पैदल चलना ससम्मान हो।

पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में राहगीरों की मौत की संख्या दोगुणी हो गई है- वर्ष 2013 में 6.6 प्रतिशत से 2016 में बढ़कर 12.9 फीसदी हुई। प्रति एक किलोमीटर पैदल चलने वालों के लिए मौत का जोखिम कार-सवारों के मुकाबले नौ गुणा अधिक है।

हमारे देश में पैदल चलने वालों की सुरक्षा चिंता का बड़ा कारण बन चुकी है। राष्ट्रीय अपराध लेखा-जोखा ब्यूरो रिपोर्ट-2021 के मुताबिक, हर साल सड़क पर पैदल चलने वालों की लगभग 18,900 मौतें होती हैं अर्थात हर दिन 51 पैदल यात्रियों की मृत्यु। अफसोस कि परेशान करने वाली यह हकीकत न केवल शहरों की है बल्कि देश के ग्रामीण इलाकों की भी है। पंजाब में स्थिति खासतौर पर चिंताजनक है। आंकड़े बताते हैं, सूबे में सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों में अधिकांश संख्या पैदल राहगीरों या साइकिल सवारों की है। हाल के वर्षों में शहरी इलाकों के सड़क हादसों में मारे गए लोगों में 50 प्रतिशत से अधिक गिनती पैदल चलने वालों की रही है। वर्ष 2022 में राज्य की विभिन्न सड़कों पर 1,100 राहगीर मरे। इससे स्पष्ट है कि कुल सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या घटाने में पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भूमिका बहुत बड़ी है।

पैदल राहगीरों की मौत में अधिकांश वे हैं जो कामकाजी आयु वर्ग में आते हैं। उनमें बहुत से अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य होते हैं और न्यूनतम आय एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं। 'चलने का हक' सिद्धांत मानव अधिकारों में एक मूल तत्व है, जो किसी की आने-जाने और सार्वजनिक जगहों पर जाने की आजादी यकीनी बनाता है। इसके महत्व को समझते हुए उच्च एवं सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर पैदल चलने वालों के हित और सुरक्षा यकीनी बनाने पर जोर देने वाले फैसले देते आये हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पैदल यात्रियों के अधिकार सुनिश्चित करने में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी तरह, सर्वोच्च न्यायालय ने देविंदर सिंह नेगी बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में पैदल यात्रियों के अधिकारों के समर्थन में महत्वपूर्ण अंतरिम फैसला सुनाया है। इन कानूनी दखलों का मकसद सड़क योजना बनाने वक्त पैदल यात्रियों की एवज पर वाहन चालन को तरजीह देने वाले पक्षपाती नज़रिये को सुधारना है। पैदल चलने के अधिकार को मान्यता देकर हम सुरक्षित सड़कों को अधिक सुरक्षित और सबको साथ लेकर चलना सुनिश्चित करते हैं। 'पैदल चलने का अधिकार' नामक पहल न्यायालय के उक्त फैसलों पर आधारित है और यह सड़कों को सुरक्षित बनाने एवं राहगीरों के लिए यथेष्ट इंतजाम करने के सरकार के संकल्प को बल देते हैं। बढ़िया योजना से बनाए पैदल-मार्ग, चौक पार करने के समुचित तरीके और साइकिल-मार्ग में निवेश का उद्देश्य शहरी आवागमन में बढ़ोतरी, स्वास्थ्यप्रद पैदल चलने की आदत और सबका ध्यान रखने वाली भावना को बढ़ावा देना है। इसलिए पैदल यात्रियों की सुरक्षा यकीनी बनाने को हम तरजीह दें। जहां सड़क दुर्घटनाएं पैदल चलने वालों की जिंदगी के लिए अधिक घातक हैं वहीं नाकाफी बुनियादी तंत्र और घटिया सड़क डिजाइन उनकी आवाजाही में अड़चन पैदा करते हैं और सुरक्षा से समझौते के हालात बनाते हैं। इसका सीधा असर व्यक्ति की शारीरिक गतिविधियों और सेहत पर पड़ता है लिहाजा आगे इसका प्रभाव पूरे समाज के स्वास्थ्य पर भी है। इन चिंताओं को हल करने के लिए सरकार और संबंधित पक्षों के लिए मानवीय दृष्टिकोण रवैया अपनाने की जरूरत है। इसमें बृहत नीतियों का क्रियान्वयन, बेहतर ढांचागत परिकल्पना, वर्तमान एवं प्रस्तावित मार्गों की सुरक्षा समीक्षा और जागरूकता अभियान चलाना शामिल है।

## मणिपुर में बिगड़ते हालात

मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां की पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है।

मणिपुर में अशांति की शुरुआत हुए तीन महीना गुजर गए हैं, लेकिन आज भी हर रोज आने वाली खबर वहां लगातार बिगड़ रहे हालात का संकेत दे रहे हैं। अब तक बात दो समुदायों के बीच हो रही हिंसा की थी। लेकिन अब झगड़ा राज्य पुलिस और एक अर्ध सैनिक बल के बीच तक पहुंच गया है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवान आपस में तू तू-मैं मैं करते देखे गए। फिर खबर आई कि असम सरकार ने चूराचांदपुर और विष्णुपुर के बीच मौजूद एक चौकी से असम राइफल्स की टुकड़ी को हटने का आदेश दिया। अब खबर आई है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है। इसमें असम राइफल्स पर कुकी चरमपंथियों को भागने का मौका देने और उन्हें संरक्षण देने का इल्जाम लगाया गया है। यहां इस बात को रेखांकित करने की जरूरत है कि असम राइफल्स की कमान भारतीय सेना के पास है।

क्या बात किसी आम कल्पना में समा सकती है कि भारतीय सेना उग्रवादियों की मदद कर रही है? लेकिन मणिपुर में हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां पुलिस कथित तौर पर सिर्फ मैतई समुदाय के संरक्षक बल के रूप में काम कर रही है। ऐसे में उसकी निगाह में संभवतः अर्धसैनिक दस्तों का अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों को संरक्षण देना अपराध बन गया है। यह बहुत खतरनाक स्थिति है। इस पर तुरंत नियंत्रण कायम नहीं किया गया, तो स्थितियां हमारी आशंकाओं से भी ज्यादा बिगड़ सकती हैं। यह अच्छी बात है कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से देश का ध्यान मणिपुर के हालात पर टिका है। विपक्षी नेताओं ने वहां की स्थितियों का विस्तार वर्णन कर देश को इस बारे में आगाह किया है। अब अपेक्षित है कि जब प्रधानमंत्री जब जवाब दें, तो वे इस दौरान उठे गंभीर प्रश्नों के ठोस उत्तर प्रस्तुत करें। उससे मणिपुर में स्थितियों को बेहतर करने में मदद मिलेगी और सारे देश में भरोसा पैदा होगा। लेकिन अगर प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया, तो फिर अविश्वास का माहौल और गहरा जाएगा।

# बिना चर्चा के विधेयक पास होने के खतरे

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय वित्त व गृह मंत्री और राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने छह अगस्त को 'इंडियन एक्सप्रेस' अखबार के अपने साप्ताहिक स्तंभ में 'लेजिस्लेटिंग ऑथोरिटेरियनिज्म' शीर्षक से लेख लिखा। इस शीर्षक का मोटा-मोटी अनुवाद यह है कि अधिनायकवाद को विधायी रूप देना या विधायी अधिनायकवाद। उन्होंने अपने लेख में संसद में पेश हुए या पास हुए तीन विधेयकों का जिक्र किया।उन्होने बताया कि कैसे इन विधेयकों के जरिए ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं, जो कानूनी रूप से सही नहीं हैं। उन्होंने सिर्फ तीन विधेयकों का जिक्र किया लेकिन इनके अलावा भी कई विधेयक हैं, जिनसे केंद्र सरकार राज्यों के अधिकार छीन रही है, संघवाद की अवधारणा को चोट पहुंचा रही है और लोगों के निजता के अधिकार को भी चोट पहुंचा रही है। सरकार ने जिस मनमाने तरीके से ये विधेयक तैयार किए और जिस अंदाज में इसे पास कराया उससे देश की संघीय और संवैधानिक व्यवस्था के सामने जैसी चुनौतियां पैदा हुई हैं उनके बारे में चिदंबरम ने लिखा है। लेकिन सवाल है कि जो बातें उन्होंने लेख में लिखी हैं, वह बात उन्होंने संसद में क्यों नहीं कही? उनकी पार्टी कांग्रेस, जो संसद के दोनों सदनों की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है उसने वहां इन बातों को क्यों नहीं उठाया? क्या इसलिए कि उनकी पार्टी मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री से बयान की मांग कर रही थी और सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले रही थी?

जितना बड़ा खतरा चिदंबरम को इन विधेयकों के पास होने से दिख रहा है उतना ही बड़ा खतरा संसद में विधेयकों पर चर्चा नहीं होना या विपक्षी पार्टियों का उस चर्चा में हिस्सा नहीं लेना भी है।



ऐसा लग रहा है विपक्षी पार्टियां विधायी लड़ाई संसद के बाहर लड़ रही हैं। यह सही है कि सरकार के पास जिस तरह का बहुमत है उसे देखते हुए विपक्षी पार्टियां विधेयक को रोक नहीं सकती हैं। लेकिन संसद के अंदर अगर विपक्षी पार्टियां बहस में हिस्सा लेतीं तो वे विधेयकों की कमियां सामने लातीं। अपनी तरफ से संशोधन पेश करतीं, बेशक वह संशोधन नहीं मान्य होता। विधेयक की कमियों के बारे में लोगों को जागरूक करतीं। इसके खतरे बतातीं। लेकिन जब संसद में बिल पास हो रहे थे तब विपक्ष संसद परिसर में नारेबाजी कर रहा था और बिल पास हो जाने के बाद विपक्षी नेता लेख लिख कर या ट्विट करके उसका विरोध कर रहे हैं। पी चिदंबरम ने भी यही काम किया। उन्होंने बताया कि वन संरक्षण संशोधन कानून लागू होने से कितना नुकसान होना है। इस बिल में सहारे बड़े वन क्षेत्र को संरक्षित श्रेणी से हटाया जा रहा है। इसके कई प्रावधान सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और 2006 के वन अधिकार कानून के उलट हैं। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के एक सौ किलोमीटर के अंदर जंगल की जमीन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। सोचें, यह कानून बनने के बाद समूचा पूर्वोत्तर और हिमालय क्षेत्र कितना प्रभावित होगा? इसका पूरा वन क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से सौ किलोमीटर के दायरे में ही आता है। विपक्ष चाहता था कि बिल पर संसद की स्थायी समिति में विचार हो लेकिन सरकार ने स्थायी समिति की बजाय इसे संयुक्त प्रवर समिति को भेजा और वहां अपने बहुमत के दम पर इसे मंजूर करा लिया। प्रवर समिति के छह विपक्षी सांसदों ने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस बिल के कानून बनने से वन आच्छादित क्षेत्र में कमी आएगी, खास कर सीमावर्ती इलाकों में।

इसी तरह मल्टी स्टेट सहकारिता संशोधन कानून है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि केंद्र सरकार की ओर से बनाया गया एक प्राधिकरण सभी सहकारिता सोसायटीज के चुनाव कराएगा। इसके अलावा यह भी प्रावधान किया गया है कि इसके सदस्यों की किसी भी शिकायत का निवारण केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त ओम्बुड्समैन करेगा। तीसरा कानून, जिसका जिक्र पी चिदंबरम ने किया वह दिल्ली सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ा है। इसका नाम जीएनसीटीडी संशोधन कानून है। सुप्रीम कोर्ट ने मई में एक फैसले के जरिए दिल्ली सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए इस फैसले को पलट दिया और अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए तीन सदस्यों का एक प्राधिकरण बना दिया। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे और उनके अलावा दो वरिष्ठ अधिकारी उसके सदस्यों होंगे। फैसला बहुमत से होगा और अंतिम फैसला उप राज्यपाल करेंगे। आमतौर पर माना जा रहा है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के अधिकार छीन कर परदे के पीछे से सरकार चलाने की केंद्र की योजना का यह भी एक पार्ट है।

दिलचस्प बात है कि आम आदमी पार्टी ने इस बिल को ऐसे पेश किया, जैसे यह इस देश के सामने मौजूद सबसे बड़ा संकट हो। उसके नेताओं ने खुलेआम कहा कि जो इस बिल का साथ दे रहा है वह देशद्रोही है और विपक्ष के नेता खुशी-खुशी इस नैरेटिव को बढ़ाने में उसके साथ शामिल हो गए। संसद के मानसून सत्र में यह एकमात्र बिल है, जिस पर दोनों सदनों में हुई चर्चा में विपक्ष के सांसद शामिल हुए। सोचें, अगर विपक्षी पार्टियां मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री का बयान मांगने के अपने अभियान को स्थगित करके या सीमित करके दिल्ली सरकार से जुड़े बिल पर बहस में हिस्सा ले सकती थीं तो उन्होंने बाकी जरूरी विधेयकों पर बहस में हिस्सा क्यों नहीं लिया? जीएनसीटीडी संशोधन बिल पर बहस से विपक्ष का व्रत नहीं टूटा और वन संरक्षण या मल्टी स्टेट सहकारिता या जन विश्वास या डाटा संरक्षण या माइंस एंड मिनरल्स बिल पर बहस में हिस्सा लेने से व्रत टूट जाता?

जिस तरह से पी चिदंबरम ने बिल पास होने के बाद लेख लिख कर रूदन किया है उसी तरह कांग्रेस की प्रवक्ता और सोशल मीडिया सेल की इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने ट्विट करके जन विश्वास बिल की आलोचना की। ध्यान रहे यह बिल आम आदमी के लिए बेहद चिंताजनक है। इसमें प्रावधान है कि अगर किसी घटिया दवा से इलाज की वजह से मरीज की तबियत और खराब होती है या उसका निधन होता है तो दवा बनाने वाली कंपनी में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। किसी को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। उसे सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा। यह बात सुप्रिया श्रीनेत ने अपने ट्विट में भी कही। तो सवाल है कि उनकी पार्टी ने यह बात संसद में क्यों नहीं उठाई? जिस समय बिल पास हो रहा था उस समय कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसद क्या कर रहे थे? किसी भी विपक्षी सांसद ने एक शब्द इस विधेयक के बारे में नहीं बोला है।

इसी तरह डाटा संरक्षण बिल का मामला है। इसके प्रावधानों को लेकर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता सवाल उठा रहे हैं। सूचना अधिकार के लिए लड़ने वाले कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति की है लेकिन विपक्ष ने लोकसभा में इस पर बहस में हिस्सा नहीं लिया? यह बिल आम नागरिक के निजता के अधिकार को कमजोर करता है। यह बिल सूचना के अधिकार कानून को कमजोर करता है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया जा रहा है कि सरकार डाटा स्टोर करने वाली कंपनियों पर किसी गड़बड़ी में ढाई सौ करोड़ रुपए का जुर्माना लगा सकती है। इसका आम आदमी के लिए कोई मतलब नहीं है। उसके मतलब की बात यह है कि इस बिल में सरकार और सरकारी एजेंसियों को आम आदमी का डाटा हासिल करने और उसकी निगरानी करने के लिए कई तरह की छूट दी गई है। इसमें कहा गया है कि किन किन स्थितियों में सरकार और उसकी एजेंसियों के ऊपर यह कानून लागू नहीं होगा।

# चीन की माली दशा बिगड़ रही!

**श्रुति व्यास**



यों कोविड काल से ही चीन की अर्थव्यवस्था डावांडोल है। पर अब लाल झंडी लिए हुए हैं। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दो साल में पहली बार गुजरे महीने खुदरा कीमतों में गिरावट देखी गई। साल-दर-साल पैमाने पर जून 2023 तक रिटेल प्राइस इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं आया था।पर जुलाई 2023 में इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।जाहिर है लोग खरीदारी कम कर रहे है। जुलाई के आंकड़े, सन् 2021 की शुरूआत के बाद पहली बार चीन में नकारात्मक मुद्रास्फीति की स्थिति दर्शा रहे हैं। सन 2021 में कीमतें घट रहीं थीं क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण मांग कम होने की वजह से पोर्क (सूअर के मांस) की कीमतों में गिरावट थी।

ये आंकड़े आयात-निर्यात के आंकड़ों के जारी होने के अगले दिन आए। विदेश व्यापार के जुलाई आंकडे में आयात-निर्यात में अधिक गिरावट है क्योंकि दुनिया में चीन के माल की मांग कम हो गई है।

चीन के खुदरा व्यापारियों को बिक्री में गिरावट से जूझना पड़ रहा है। मतलब जिन खुदरा व्यापारियों ने महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के हटने के बाद मांग में वृद्धि की उम्मीद में बड़ी मात्रा में माल अपने गोदामों में भर लिया था, उन पर अब कीमतें घटाने का दबाव है। टेस्ला और अन्य कंपनियों द्वारा कारों के दामों में कटौती हुई है। कीमतें घट गई हैं। कीमतों में कमी आने के बावजूद खरीदारी कम होने के मद्देनजर चीनी कारखाने उत्पादित माल के दाम घटा रहे हैं। चीन की उत्पादक मूल्य मुद्रास्फीति, जो कारखानों द्वारा बेचे जाने वाले माल की कीमतें दर्शाता है, जून में साल-दर-साल के पैमाने पर 5.4 प्रतिशत थी।

हालांकि दूसरी तिमाही में चीनी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर साल-दर-साल के आधार पर 6.3 प्रतिशत रही, लेकिन वह भी उम्मीद से कम थी। वह भी 2022 के उस कमजोर आधार वर्ष के मुकाबले, जब शंघाई और कई अन्य शहरों में लाकडाउन लगा था। दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था पहली तिमाही की तुलना में केवल 0.8 प्रतिशत बढ़ी। चीनियों को लगता है कि आंकड़े जो दिखा रहे हैं, असल में उससे भी बदतर अर्थव्यवस्था है। छोटे शहरों में घरों की कीमतें घट रहीं हैं। जून में बड़े शहरों में भी यही स्थिति थी। गार्जियन की खबर के मुताबिक चीनी हाऊसिंग कंपनिया बिक्री बढ़ाने के लिए संभावित ग्राहकों को सोने की छड़ें, नई कारें और मोबाईल फोन उपहार में देने की पेशकश कर रहे हैं।जबकि युवा वर्ग रोजगार के मोर्चे पर अंधकारमय हालातों के चलते घर खरीदने का इरादा छोड़ रहे है। इतना ही नहीं शादी और बच्चे पैदा करने के फैसले भी मुल्तवी कर रहे हैं। निवेश घट गया है। विशेषकर विदेशी कंपनियां चीन में और निवेश करने में हिचकिचा रही हैं। स्थानीय शासन संस्थाएं अलग पैसे की कमी से जूझ रहीं हैं।

चीन पुराने अच्छे दिन लौटाने, आर्थिकी में वापिस रफ्तार के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन निवेशकों और विश्लेषकों के अनुसार चीनी सरकार निश्चिंत है। अधिकारी नकारात्मक मुद्रास्फीति जैसी चिंताओं को तव्वजो नहीं दे रहे हैं। सेन्ट्रल बैंक के डिप्टी गवर्नर लिऊ गुओकींग ने पिछले महीने कहा कि साल की दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था के सिकुड़ने की कोई संभावना नहीं है। और यह भी कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को दुबारा पटरी पर आने में वक्त लगेगा।

कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चीन में आगे वस्तुओं और सेवाओं की कितनी मांग होगी, यह बीजिंग के नीतिगत निर्णयों पर निर्भर करेगा। कुछ का सुझाव है कि सरकार को उपभोक्ता खर्च तथा रोजगार सृजन के लिए बड़ी योजना पर अमल करना चाहिए। लेकिन कर्ज के भारी बोझ के चलते, खासकर स्थानीय शासन के स्तर पर, ऐसा करना मुश्किल है। इसकी बजाए अधिकारी मौद्रिक नीति संबंधी कदमों जैसे ब्याज दरों में कमी का सहारा ले रहे हैं। ब्याज दरों में लम्बे समय से लगातार कटौती की जा रही है। लेकिन नकारात्मक मुद्रास्फीति से आर्थिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि उपभोक्ता भविष्य में कीमतें घटने की उम्मीद में उत्पादों की खरीदी रोक देंगे। इसके नतीजे में कंपनियां निवेश में कटौती करेंगीं क्योंकि उनका मुनाफा गिरेगा और अंततः या तो नई नौकरियां मिलना बंद हो जाएंगीं या कर्मचारियों की छटनीहोगी।खबर के मुताबिक चीनी अधिकारी जाने-माने अर्थशास्त्रियों पर दबाव डाल रहे हैं कि वे नकारात्मक मुद्रास्फीति सहित अर्थव्यवस्था संबंधी निराशाजनक मुद्दों की चर्चा नहीं करें।जाहिर है चीन को अपने नागरिकों की दशा-दिशा और समस्याओं की चिंता नहीं है मगर हां, उसे अपनी आर्थिक शक्ति की इमेज और दीर्घकालीन मंसूबों की चिंता जरूर है!

## गैर-बराबरी के आंकड़े

साल 2022-23 में कोरोना काल से पहले के आखिर वित्त वर्ष की तुलना में एक करोड़ से ज्यादा सालाना आमदनी बताने वाले लोगों की संख्या 49.4 प्रतिशत बढ़ी। जबकि इसी अवधि में पांच लाख तक आमदनी वाले लोगों की संख्या सिर्फ 1.4 प्रतिशत बढ़ी।

गुजरे वित्त वर्ष के लिए फाइल किए गए इनकम टैक्स रिटर्न के आंकड़ों ने एक बार फिर से भारत में आमदनी की बढ़ रही गैर-बराबरी की कहानी बयान की है। हालांकि अभी तक सरकार ने 30 जून तक फाइल हुए रिटर्न्स के आंकड़े ही जारी किए हैं, इसके बावजूद कहा जा सकता है कि उससे जो ट्रेंड दिखा है, उसमें अंतिम आंकड़ों से भी ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। यह कहने का आधार बड़ी कंपनियों के मुनाफे और डिविडेंड वितरण का रुझान भी है। इन सबकी दिशा यही बताती है कि अर्थव्यवस्था का अंग्रेजी के अक्षर के जैसा स्वरूप लगातार मजबूत होता जा रहा है। मतलब यह कि ऊपर के हिस्से पर मौजूद छोटी-सी आबादी की आय और धन दोनों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जबकि निचली डंडी पर मौजूद लोग गतिरुद्ध अवस्था में हैं। आय कर रिटर्न के ताजा आंकड़ों ने बताया है कि 2022-23 में कोरोना काल से पहले के आखिर वित्त वर्ष की तुलना में एक करोड़ से ज्यादा सालाना आमदनी बताने वाले लोगों की संख्या में 49.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि इसी अवधि में पांच लाख तक आमदनी वाले लोगों की संख्या सिर्फ 1.4 प्रतिशत बढ़ी। चूंकि आईटी रिटर्न्स से उन लोगों के हाल के बारे में मालूम नहीं होता, जिन्हें इन्हें फाइल करने की औपचारिकता पूरी करने की मजबूरी नहीं है। अभी अंतिम आंकड़े सामने नहीं हैं, लेकिन पिछले वित्त वर्षों के आधार पर अनुमान लगाएं, तो 140 करोड़ की आबादी में रिटर्न फाइल करने वाले लोगों की संख्या अधिकतम साढ़े आठ से नौ करोड़ से ज्यादा नहीं होगी। बाकी लोगों की वास्तविक आय घटने और इसके कारण उनके बीच मांग और उपभोग की गिरावट पिछले कई वर्षों से एक स्थायी कहानी बनी हुई है। दूसरी तरफ एक करोड़ रुपये से अधिक की सालाना आय वाले लोगों की संख्या बढ़ी है, तो इसका सीधा कारण कुछ खास क्षेत्रों की कंपनियों के शेयर भाव में भारी इजाफा और उसके आधार पर शेयरधारकों को दिया गया ज्यादा डिविडेंड है। वैसे यह वितरण भी खासा असमान रहा है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों का जायजा

श्रमबिन्दु / बालोद



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र यादव के साथ जिला मुख्यालय बालोद के सरयू प्रसाद स्टेडियम पहुँचकर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाली जिला स्तरीय समारोह के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से आयोजन से जुड़े तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सरयु प्रसाद स्टेडियम की समुचित साफ-सफाई, रंग-रोगन, टेंट, बैठक व्यवस्था आदि के अलावा आयोजन के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत व्यवस्था, पेयजल आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु जेनेरेटर आदि व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं अधिकारियों ने सरयू प्रसाद स्टेडियम में चल रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड के पूर्वाभ्यास का भी अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्वत, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर, डीएसपी नवनीत कौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री प्रतीक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग में नियम विरूद्ध किए गए पदोन्नति आदेशों को निरस्त करने हेतु ज्ञापन सौंपा- प्रदेश महामंत्री आनंद सिंह यादव

श्रमबिन्दु / अंबिकापुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक पी.आर. यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष जी.आर. चन्द्रा एवं प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष सरगुजा आनंद सिंह यादव के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री, माननीय शिक्षा मंत्री, श्रीमान् प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को कलेक्टर जिला सरगुजा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के सभी शिक्षा संभाग में संयुक्त संचालकों द्वारा शिक्षकों के पदोन्नति आदेशों में नियम विरूद्ध संशोधन कर व्यापक स्तर पर अनियमितता कर भ्रष्टाचार किया गया है, जिसके कारण पात्र शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ है। नियम विरूद्ध जारी किये गये संशोधित पदोन्नति आदेशों की जांच शासन द्वारा कराई गई तथा जांच में संयुक्त संचालकों एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को दोषी पाया जाकर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। संघ का आग्रह है कि समस्त संशोधित पदोन्नति आदेशों को तत्काल निरस्त कर पुन: काउंसलिंग के माध्यम से पारदर्शिता के साथ पदोन्नति आदेश जारी करने की कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि पात्र शिक्षकों के साथ न्याय हो सके। साथ ही नियम विरूद्ध संशोधित आदेश जारी करने में शामिल तथा छत्तीसगढ़ शासन की छवि को खराब करने वाले समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किया जाए ताकि पात्र शिक्षकों को न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान आनंद सिंह यादव प्रदेश महामंत्री, जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सुधीर राणा, राजेश्वर सिंह, अजय शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष आ जिला सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे, संगठन सचिव मुकुंदलाल साहू, सुरेश गायकवाड़, अनिल दास, उत्तम यादव, मुकेश झलरिया, विकास गुप्ता, प्रवीण झा, राकेश पुरी, मैनपाट ब्लॉक अध्यक्ष अम्बरीष कश्यप, अम्बिकापुर तहसील अध्यक्ष बृजेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

श्रमबिन्दु / बालोद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नया कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। जारी किए गए आदेश के तहत जिले में अपर कलेक्टर श्री शशांक पांडेय को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं नव पदस्थ अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक को प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन की जिम्मेदारी दी गई है। जारी किए गए कार्य विभाजन आदेश के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव को महिला एवं बाल-विकास, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, मछली पालन विभाग एवं अंत्यावसायी विभाग का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ.रेणुका श्रीवास्तव कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य प्रशासकीय दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन के समस्त कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। अपर कलेक्टर श्री शशांक पांडेय को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के साथ-साथ अपर कलेक्टर, राजस्व जिला बालोद के अलावा राजस्व अनुविभाग बालोद, गुरूर, गुंडरदेही, उद्भूत अपील एवं पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के प्रकरण का निराकरण।

## सी-मार्ट में सस्ती दरों पर तिरंगा के अलावा रक्षाबंधन के लिए राखी एवं मिठाईयां उपलब्ध



श्रमबिन्दु / बालोद

राज्य शासन द्वारा वाजिब दर पर आम लोगों को स्थानीय एवं शुद्ध सामग्री प्रदान करने हेतु स्थापित की गई सी-मार्ट में आम लोगों को एक ही स्थान पर उचित दाम पर गुणवत्तायुक्त स्थानीय सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सस्ती दरों पर तिरंगा के अलावा रक्षाबंधन के लिए राखी एवं मिठाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। सी मार्ट में ग्राहकों को सस्ती दरों पर तिरंगा उपलब्ध कराकर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर समाज के सभी वर्गों की सक्रियता भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सी मार्ट के नोडल अधिकारी मेंशा गोस्वामी ने बताया कि जिला मुख्यालय बालोद के जयस्तंभ चैक के समीप स्थित सी मार्ट में 25 रुपये से लेकर 200 रुपये तक तिरंगा उपलब्ध है। जिससे की आम लोगों को समुचित मात्रा में तिरंगा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस बार सी मार्ट बालोद के द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार के लिए भाई-बहनों का भी विशेष ख्याल रखा गया है। इसके अंतर्गत सी मार्ट बालोद में बहुत ही कम दर पर अलग-अलग वैरायटी के बेहतरीन राखी ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा। सी मार्ट में उपलब्ध राखी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सी मार्ट की राखियाँ पूरी तरह देशी अंदाज में धान और गोबर से बनी हुई है। इस तरह से स्वसहायता समूह की महिलाओं ने धान और गोबर से राखी का निर्माण कर देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। इसके अलावा सी मार्ट बालोद द्वारा भाई-बहनों के राखी के अलावा स्वादिष्ट मिठाई का भी प्रबंध किया है। इसके अंतर्गत सी मार्ट में ग्राहकों के लिए खास ऑफर 200 रुपये किलो में काजू कतली एवं 250 रुपये में खजूर बर्फी भी उपलब्ध है।

### प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनो तक पहुँचने, कार्ययोजना बनाकर करे कार्य : मोहन मरकाम

श्रमबिन्दु / कृष्ण सिंह बाबा

**कोरिया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**




उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की परिकल्पना ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' के आधार पर हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है, अन्य प्रदेश की सरकारों ने छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा है। प्रभारी मंत्री श्री मरकाम ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों से आग्रह किया कि जो भी दिशा-निर्देश प्रेषित किए जाते हैं, उसका सही ढंग से क्रियान्वयन हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु ऐसे ही सजग और प्रयासरत रहे तथा कोरिया जिला सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े।

समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है,कि व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रक धारियों को मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण व अन्य कार्य के लिए प्राथमिकता से कार्य स्वीकृत की जाये, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

उन्होंनें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को भी शीध्र पूर्ण करने को कहा, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सम्बन्ध में जनता के बीच मे क्या प्रतिक्रिया है, इसकी जानकारी लेते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा, जिससे सरकार के अच्छे कार्यो की जानकारी आम जनता तक पहुँच सकें। उन्होनें कंजक्टिवाइटिस बीमारी को देखते हुए छात्रावास-आश्रमो व स्कूलो के बच्चों को विशेष सावधानी बरतने हेतु निर्देशित करने को कहा।

प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारी से जिले में खाद्य बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खाद्य बीज की काला बाजारी न हो इसके लिए सतत् रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होनें उप संचालक कृषि से राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं से अधिक-अधिक कृषको को लाभान्वित करने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा में श्री मरकाम ने जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पाद व गौठानों में कार्यरत स्व. सहायता समूहो की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक महिला स्व.सहायता समूह को जोड़ने के निर्देश दिये तथा जिले मे रीपा अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र के युवाओं की अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने को कहा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत मरम्मत व अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलो में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी ली। श्री मरकाम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ सके। प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। श्री मरकाम ने कहा कि सड़के विकास की लाइफ लाईन होती है, अत: सड़को का नियमित रूप से मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को दिये।

बैठक में उन्होनें जिला खनिज संस्थान न्यास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी ली तथा इस मद की राशि का उपयोग आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जिले के विकास कार्यो में करने को कहा। उन्होनें आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास -आश्रमों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा की कन्या छात्रावासों-आश्रमों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें साथ ही कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति छात्रावास परिसर में प्रवेश ना कर सके।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लाभ क्षेत्र के आदिवासी छात्र-छात्राओं को मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री ने अन्य विभागों की गहन समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजनो तक पहुचानें हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## खास खबर

### जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** आबकारी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुलदीप शर्मा ने 15 अगस्त 2023 को ''स्वतंत्रता दिवस'' के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागार बालोद को 15 अगस्त 2023 को पूर्णत: बंद रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

### जिले के नगरीय निकायों में घुमंतू मवेशियों के विचरण के कारण होने वाले समस्याओं के रोकथाम हेतु किए जा रहे हैं समुचित उपाय

**बालोद।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित आदेश तथा कलेक्टर बालोद के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों में घुमंतू मवेशियों के विचरण के कारण होने वाले समस्याओं के रोकथाम हेतु समुचित उपाय किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आज नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा नगर के मुख्य मार्गों में घुमंतू मवेशियों के कारण आवागमन में हो रहे असुविधा एवं दुर्घटनाओं के आशंकाओं को देखते हुए मवेशियों को मार्ग से हटाकर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने हेतु अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुनील अग्रहरी ने बताया कि बालोद शहर के मुख्य मार्गों के अंतर्गत दल्ली चैक, मधु चैक, जयस्तंभ चैक में मवेशियों को हटाने का लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पालिका की टीम द्वारा घुमंतू मवेशियों को पकड़कर जिला स्थित गौठान में रखा जा रहा हैं। इसके अलावा गौ सेवको की पहल पर पुराना नगर पालिका के पास स्थित कांजी हाऊस में भी मवेशियों को रखा जा रहा हैं, पशु विभाग की पहल से अब तक 78 मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाने की कार्यवाही की गई है। जहां चारा, पानी एवं शेड की व्यवस्था की गई हैं। नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा के मार्गदर्शन में निरंतर मवेशियों को मार्गो से हटाने कार्रवाई की जा रही है। जिसमें यातायात विभाग, पुलिस विभाग, गौ सेवक के सहयोग से लगातार अभियान चलाये जाने के कारण मार्गो में मवेशियो की संख्या कम हुई है। वर्तमान में गौठान एवं कांजी हाउस में 120 से 140 तक पशुधन एकत्रित हैं, जिनमें 05 पशु की नीलामी की गई जिसमें निकाय को 3500 रुपये एवं 03 पशु मालिक पर जुर्माना किया गया है।

# अभाविप ने किया स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा अनावरण

श्रमबिन्दु / पत्थलगांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव जिला जशपुर द्वारा पत्थलगांव शहर के बीचो बीच स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा अनावरण किया ,यह कार्यक्रम सबसे पहले सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में शुरू हुआ जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित थे ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक मुरारी लाल अग्रवाल , अभाविप नगर अध्यक्ष पवन यादव , नगर सहमंत्री अमन गुप्ता , कार्यक्रम के इसी कड़ी में मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, दीप प्रज्वलन के पश्चात् इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि इस 21वीं सदी के युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद जी के मार्ग को अपनाना चाहिए तथा जिस प्रकार युवा काल से ही स्वामी विवेकानंद जी ने अपने देश अपने समाज के लिए सब कुछ त्याग दिया इसी प्रकार से आज के युवा को आगे आकर स्वामी विवेकानंद जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए,आगे उन्होंने कहा कि आज का दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव के लिए ऐतिहासिक दिन है क्यों की पत्थलगांव इकाई पूरे देश में पहली इकाई है जो स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा अनावरण करा रही है हम सब के लिए गौरव का दिन की आज स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा अनावरण हो



रहा है , कार्यक्रम के इस कड़ी में जिला संघचालक द्वारा उद्बोधन हुआ उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद उद्यान बहुत सुंदर है वहां हस्त चलित जिम का उपकरण है जिसमें शहर के सभी लोग लाभ ले रहे हैं तथा आज स्वामी विवेकानंद जी का प्रतिमा लग जाने के बाद उद्यान का शोभा और ज्यादा बड़ जाएगा उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव कार्यकर्ताओं को शुभकामना दिया तथा कार्यक्रम के इसी कड़ी में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें भारत माता की जय और स्वामी विवेकानंद जी के जयकारों से शहर गुंजायमान हुआ ,तथा शोभा यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से निकलकर स्वामी विवेकानंद उद्यान पहुंची उद्यान में आतिशबाजी व मंत्रों के उच्चारण के साथ अभाविप मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया के द्वारा प्रतिमा अनावरण किया गया ।तथा सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प अर्पित कर स्वामी विवेकानंद जी को नमन किया गया इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित थे,विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता ,प्रदेश सह मंत्री निखिल मरावी , जगदलपुर नगर विस्तारक आदित्य मिश्रा ,जिला संगठन मंत्री रामेश्वर कश्यप ,जिला संयोजक वीरेन्द्र यादव , प्रदेश कार्यकारणी सदस्य गुलशन पाण्डेय , नगर उपाध्यक्ष राहुल पटेल , नगर सह मंत्री अमन गुप्ता, कार्यलय प्रमुख आकाश टांडे , एस एफ एस प्रमुख प्रिंस सिन्हा,कला मंच प्रमुख अनुराग टांडे, सह प्रमुख आकाश सक्सेना, एस एफ डी प्रमुख लक्की शर्मा ,सह प्रमुख भास्कर शर्मा, जनजाति प्रमुख रमेश नेताम,विद्यालय प्रमुख अविनाश शर्मा ,नगर कार्यकारणी सदस्य दीपक सिंह , वंश टांडे ,आदित्य साहू,रूपेश बेहरा ,सोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## प्रभारी मंत्री ने कोरिया मिलेट्स कैफे में मिलेटस व्यंजनों का उठाया लुफ्त



श्रमबिन्दु / कृष्ण सिंह बाबा

**कोरिया।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने आज कोरिया मिलेट्स कैफे कैलेंडर का विमोचन कर कलेक्टरेट परिसर में बने कोरिया मिलेट्स कैफे पहुंचकर लिया मिलेट्स व्यंजनों का लुफ्त।

उनके साथ बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

श्री मरकाम ने कैफे का संचालन कर रहीं समूह की दीदियों से बात कर कैफे की जानकारी लेते हुए विक्रय तथा लाभ के सम्बंध में पूछा। उन्होंने यहां कोदो की खीर, रागी का चीला, ज्वार गुलाब जामुन, अन्य व्यंजनों का स्वाद लिया तथा स्वयं फीडबैक फॉर्म भरकर, समूह की दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## खास खबर...

### मेरी माटी मेरा देश अभियानः वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत भाजयुमो ने किया गया पौधा रोपण



श्रमबिन्दु / नारायणपुर

भारतीय जनता युवा नारायणपुर के द्वारा आज स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय मे पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया की राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आवहन पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर मे 75 फलदार व औषधिय पौधे रोपण किये यह पौधा रोपण स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर किया जा रहा है।इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सोनू कोर्राम, भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष व युवा मोर्चा प्रभारी संदीप झा, भाजयुमो नेता दिपेन्द्र भोयर,प्रितेश जैन,बिस्सू दत्ता, राजेश ठाकुर, टीपू राठौर,जीतू मेडिया,सलमान खान, नरेंद्र दुग्गा,भुनेश्वर यादव सहित अन्य भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता सहित महाविद्यालय के छात्र - छात्राये भी शामिल हुए।

### रक्सौल-हैदराबाद के भी पहिए राजनांदगांव में थामेंगेः सांसद पाडे

श्रमबिन्दु / राजनांदगांव

अमृत स्टेशन योजना के दुसरे चरण के पूर्व ही विकसित होगा राजनांदगांव व डोंगरगढ़ स्टेशन लंबी दूरी के ट्रेनों के ठहराव की श्रृंखला में सांसद संतोष पांडे ने आज एक और उपलब्धि हासिल की है। जारी मौजूदा संसद सत्र के दौरान दूरभाष के माध्यम से सांसद ने जानकारी दी कि वंदे-भारत, दरभंगा-सिकंदराबाद के ठहराव के बाद अब रेल मंत्री अश्विनी



वैष्णव ने रक्सौल-हैदराबाद (17005) के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व में मुलाकात और समय-समय पर जारी बैठकों व मांग पर वे उक्त ट्रेन के ठहराव का विषय उठाते रहे हैं जो विद्यार्थी, चिकित्सा उपचार व युवाओं के रोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण ट्रेन है। ठहराव की जानकारी सदन में स्वयं मंत्री जी उन्हें व्यक्तिगत रूप से दी है, राजनांदगांव के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र के डोंगरगढ़ व राजनांदगांव स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना से वंचित किए जाने का मुद्दा उठाया जिस पर रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि चिन्हित 1309 स्टेशनों में राजनांदगांव व डोंगरगढ़ का उन्नयन होना है किंतु उन स्टेशनों का उन्नयन शेष स्टेशनों के साथ नहीं वरन पृथक से शीघ्र आदेश कर उन्नयन होगा। छत्तीसगढ़ के स्टेशन जो नागपुर मंडल से जुड़े हैं को रायपुर मंडल से जोड़ने का विषय में समय-समय पर लोकसभा में उठाने के साथ ही बैठकों में उल्लेखित करते रहे हैं। अंत में उन्होंने बताया कि रक्सौल-हैदराबाद ट्रेन के ठहराव की तिथि संसद सत्र समाप्ति के बाद रेल अधिकारीयों से बैठक के बाद निर्धारित की जायेगी ।

### किसानों को अमानक मिट्टी मिला गोबर खाद देना बंद करेः खूबचंद पारख



श्रमबिन्दु / राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के आह्वान और नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने कलेक्ट्रेट घेराव का आंदोलन रखा था सैकड़ो की संख्या में भाजपा के लोगों द्वारा आंदोलन में भाग लिया गया ।राजनांदगांव पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा और उन्हें प्यारे लाल चौक के पास ही बैरिकैट्स लगाकर आंदोलन को रोकने में पुलिस सफल रही जिसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल कर रहे थे।जिला प्रशासन की ओर से अनुविभागी अधिकारी अरुण वर्मा और तहसीलदार श्री वर्मा स्थल पर मौजूद थे। राजनांदगांव जिला कलेक्टर घेराव को लेकर भाजपा आक्रामक तेवर मे नजर आई और छत्तीसगढ़ सरकार का जमकर विरोध किया बता दे कि आंदोलन में भाजपा के कई नेता आए हुए थे जिसमें मुख्य रूप से विधान सभा प्रभारी श्री चंदेल,खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, विनोद खांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू,राधेश्याम गुप्ता, नगर निगम प्रतिपक्ष नेता किशन यदु , भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, शिव वर्मा,पारस वर्मा, गोलू सूर्यवंशी,अनेक पार्षद गण और बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। किसानों को दबावपूर्वक बेची जा रही अमानक गोबर खाद के माध्यम से हो रही अवैध उगाही को तत्काल रोकने की प्रमुख मांग को लेकर आंदोलनकारी पहुंचे थे। भाजपा नेताओं ने बताया कि जिले के किसानों के लिये यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि सोसाइटियों में मिट्टी व कचरा मिला हुआ अमानक गोबर खाद दबावपूर्वक बेचा जा रहा है।

# ममतामयी मिनीमाता ने राष्ट्र व प्रदेश के लिए जो कार्य किया है वह अविस्मरणीय

श्रमबिन्दु / राजनांदगांव



छग की प्रथम महिला सांसद व समाजसुधारक ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में उनके व्यक्तित्व पर आधारित संगोष्ठी सभा आयोजित की तथा सतनाम भवन में स्थित मिनीमाता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन में सर्वप्रथम ममतामयी मिनीमाता के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा फुलमाला अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। इस दौरान संगोष्ठी सभा को महापौर हेमा देशमुख, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, एल्डरमेन मामराज अग्रवाल, योगेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेष ठावरे ने मिनीमाता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

छग अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने मिनी माता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा राष्ट्र व प्रदेश के लिए जो कार्य किया है वह अविस्मृरणीय रही। पांच बार अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ से प्रथम सांसद चुनी गई। सांसद रहते उन्होंने समाज व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए कई काम किए। छग की कांग्रेस सरकार मिनीमाता के नाम से कई योजनाएं संचालित कर प्रदेशवासियों को लाभान्वित कर रही है और हम गौरवान्वित है कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता कांग्रेस से थी।

छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने मिनीमाता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने जीवनकाल में सबसे ज्यादा महिलाओं की अस्मिता की लड़ाई लड़ी, उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा, भेदभाव छूआछूत के काफी संघर्ष किया। भारत की शोषित महिलाओं के पीड़ा को देख संसद में महिलाओं के उत्थान के लिए अपनी बातें दमदारी से रखी और महिलाओं के हक के लिए संघर्ष किया। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनी माता को नमन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए और छूआछूत भेदभाव मिटाने के लिए ममतामयी मिनीमाता का बहुत बड़ा योगदान है।

### अमानक वर्मीकम्पोस्ट वितरण को लेकर भाजपा का प्रदर्शन, सैकड़ो किसानों ने बैरिकेड रौंदते हुए घेरा कलेक्ट्रेट



श्रमबिन्दु / कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध जिला मुख्यालय मे धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया । गोठान के माध्यम से किसानों को अमानक वर्मीकम्पोस्ट खाद दबावपूर्वक वितरित करने विरोध में किसान आंदोलन के माध्यम से कलेक्ट्रेट घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया । स्थानीय जय स्तंभ चौक मे एकत्रित बड़ी संख्या मे जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ता व किसानों ने भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर हुंकार भरी तथा रैली के रूप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे जहां पुलिस बल के साथ जमकर झूमाझटकी हुई ।

किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश मे जब से कांग्रेस सरकार आई है किसानो को ठगा जा रहा है । सरकार द्वारा जहां एक ओर किसानों का धान का रकबा कम कर दिया गया तो दूसरी ओर समितियों के माध्यम से घटिया खाद खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है । सरकार शहरों में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर गोबर खरीदने की झूठी वाहवाही लूट रही है जबकि गौठान में स्थिति बिल्कुल विपरीत है, गोठानो में न तो मवेशी हैं और न ही गोबर खरीदी हो रही है । गोबर खरीदी का झूठा आंकड़ा दिखाकर सरकार फर्ज़ीवाडा कर रही है।

### सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएं नागरिक - विधायक साहू




श्रमबिन्दु / राजनांदगांव

खुज्?जी विधायक श्रीमती छन्?नी चंदू साहू ने शुक्रवार को नगर पंचायत छुरिया में नवनिर्मित मितानिन प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्?होंने यहां सामुदायिक स्?वास्?थ्?य केंद्र में 10 बिस्?तरों के आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान छुरिया नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि व स्?वास्?थ्?य विभाग के अधिकारी सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

लोकार्पण कार्यक्रमों के बाद विधायक श्रीमती छन्?नी साहू ने कहा कि आज नगर को प्रशिक्षण भवन सौंपकर प्रसन्?नता हुई। इससे मितानिनों की बहुपयोगी क्षमता विकसित करने हेतु आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं के लिए भी एक समुचित व्?यवस्?था बन गई है।

# विधायक सन्त नेताम ने रामपुर में नवीन पंचायत भवन का किया लोकार्पण

श्रमबिन्दु / कोण्डागांव



जिले के बड़ेराजपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम वासियों को नवीन पंचायत भवन की सौगात मिली है। 11 अगस्त शुक्रवार को पंचायत भवन के उद्घाटन हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें केशकाल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष संतराम नेताम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जहां सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने मांदरी की धुन के साथ आतिशबाजी करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत के पश्चात सभी अतिथियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हाथों रिबन काट कर इस नवीन भवन का उद्घाटन किया गया।

शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है ङ्क संतराम नेताम

इस दौरान विधायक संतराम नेताम ने कहा कि केवल ग्राम पंचायत भवन के निर्माण से विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती, पंचायत निर्माण की सार्थकता तभी होगी, जब गांव में प्रत्येक व्यक्ति की मांगे पूरी होगी, समस्याओं का निराकरण होगा साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। इस नवीन ग्राम पंचायत भवन के शुभारंभ करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि ग्रामवासियों की प्रत्येक समस्याओं एवं मांगों का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर ही किया जाए। निश्चित रूप से ग्राम पंचायत गारका के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामवासियों को इस पंचायत भवन के खुलने से काफी मदद मिलेगी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर नारायणपुर जिला मुख्यालय में हजारों की संख्या में जुटे आदिवासी समुदाय के लोग

श्रमबिन्दु / नारायणपुर



सर्व आदिवासी समाज ने हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया, नगर में विशाल मोटरसाइकिल रैली तथा पैदल रैली भी निकाली आदिवासी समुदाय के लोगों के हाथों में बैनर पोस्टर थे. रैली में आदिवासी समुदाय ने अपने हक और अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की जिले के पांचों परगना से हजारों की संख्या में समाज के युवक,युवतियां,महिला एवं पुरुष आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा में झूमते गाते नज़र आ रहे थे?।

जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में पहली बार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समुदाय के लोगों ने देश भर में आदिवासियों के बढ़ रही घटनाओं के विरोध प्रकट करने के लिए कार्यक्रम में काली पट्टी बांध कर अपना आक्रोश भी दिखाया,आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार धर्मातंरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही है इसको लेकर सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस विश्व आदिवासी दिवस को आक्रोश दिवस के रूप में मानने निर्णय लिया था,विदित हो कि 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।तब से प्रतिवर्ष आदिवासी समाज धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाते आ रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासियों महापुरुषों के छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर की गयी, तत्पश्चात सभी परगना के मांझी,चालकी,पुजारी, पटेल,सिरहा,गायता सहित समाज के वरिष्ठ जनों का मंच में पगड़ी और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। आदिवासी समाज के वरिष्ठ वक्ताओं ने संबोधित करते हुए आदिवासी संस्कृति वेशभूषा और आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों के बारे में चर्चा।

### अटल टिंकरेथन में वेसलियन के युवा वैज्ञानिकों ने पाया तीसरा स्थान

श्रमबिन्दु / राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर में बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए अटल टिंकरिंग लैब में तैयार किए गए विद्यार्थियों की प्रतिभा को पंख लगते देखा गया । केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडल तैयार करने की तकनीक से शिक्षित किया जा रहा है । इसी तारतम्य में न्यायधानी बिलासपुर में 111 स्कूलों के 315 बाल वैज्ञानिकों ने अपने द्वारा किए गए आविष्कारों का प्रदर्शन किया । विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर शहर में बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को निखारने नीति आयोग की विशेष पहल पर अटल टिंकरेथन का आयोजन दयालबंद स्थित आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल में किया गया । छत्तीसगढ़ प्रदेश के 111 स्कूलों ने उक्त आयोजन में हिस्सा लेते हुए 315 अलग-अलग विषयों पर तैयार किए गए प्रादर्शों का प्रदर्शन किया । स्थानीय वेसलियन अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्रों ने भी अटल टिंकरिंग लैब के शिक्षक मुकेश देवांगन के दिशा निर्देश पर वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर अपना मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किया ।

# वन विभाग की टीम ने 33 नग साल की लकड़ी के साथ छोटा हाथी वाहन किया जप्त

श्रमबिन्दु / कृष्ण सिंह बाबा



**एमसीबी।** मामला भरतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र कुंवारपुर का प्रकाश में आया है,जहां कल मध्यरात्रि को अवैध रूप से चिरान इमारती लकड़ियों की तस्करी की जा रही थी जिसे वन अमले ने जप्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। उक्त संबंध में सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि दिनांक 7/8/23 के मध्य रात्रि लगभग 9:00 बजे वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर को गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की ग्राम जमथान निवासी श्याम सुंदर के घर से एक छोटा हाथी वाहन जिसमें दर्जनों की संख्या में सरई (साल) नामक चिरान लकड़ी को उक्त वाहन के माध्यम से भरकर परिवहन करते ले जाने वाले हैं।

फिर पुनः वन विभाग कुंवारपुर को सूचना प्राप्त हुआ कि दरवाजा/चौखट हेतु साल चिरान से लदा वाहन ग्राम जमथान से जनकपुर की ओर निकल चुका है। एवं उक्त वाहन की पहचान के रूप में उक्त वाहन के ऊपर सामने की ओर लिखें चंदन पोल्ट्री फार्म जमथान होना बताया गया तत्पश्चात उक्त प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर शिव प्रसाद ध्रुव के द्वारा वन मंडल अधिकारी/डीएफओ मनेन्द्रगढ को उक्त सूचना से अवगत कराया गया तब जाकर उनके मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर वन परिक्षेत्र कर्मियों की एक विशेष टीम गांठित कर जनकपुर के रास्ते में तैनात किया गया तभी उक्त दौरान पथले नदी के समीप बताए गए हुलिया अनुसार उक्त वाहन छोटा हाथी आते हुए दिखाई प्रतीत हुआ तदुपरांत उक्त वाहन को वन विभाग कुंवारपुर की संयुक्त टीम द्वारा रोक कर जांच किया गया जांच दौरान वाहन के अंदर दरवाजा /चौखट बनाने साइज का चिरान लकड़ी मौके पर मिला जिसे वन अमला द्वारा अपने कब्जे में ले उक्त वाहन सहित लकड़ी को वन परिक्षेत्र जनकपुर (कार्यालय) ले जाया गया जहां कागजी कार्यवाही सहित उक्त जप्त लकड़ियों की नाप -जोप किया गया।

उक्त वाहन में मौजूद वाहन चालक/वाहन स्वामी कमलकांत अहिरवार आ. रामचरन अहिरवार से वन विभाग द्वारा पूछताछ किया गया तो उक्त पूछता दौरान बताया कि ग्राम जमथान निवासी श्याम सुंदर अपने घर से लगभग 33 नग साल चिरान लकड़ियों करीब 700 /रूपये भाड़ा में जनकपुर निवासी विक्की जगवानी के घर पहुंचाने कहा था।

जिसे ग्राम जमथान से जनकपुर भाड़ा लेकर जा रहा था तत्पश्चात सूत्र यह भी बताते हैं कि घटना में प्रयुक्त वाहन क्रमांक MP -18-L - 1399 छोटा हाथी को वन विभाग द्वारा जप्त करते हुए भारतीय वन दंड अधिनियम 1927 की धारा 52 , 35 (1) छत्तीसगढ़ अभिवहन 2001 (1) की धारा 41 नियमित अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। फिलहाल वन विभाग के द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन को जप्त कर लिया गया है साथ ही उक्त वाहन की जांच /विवेचना उपरांत उक्त वाहन को राजसात किए जाने की भी बात निकाल कर सामने आ रही है।उक्त संपूर्ण कार्यवाही में मुख्य रूप से उपस्थित वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर एस.पी .ध्रुव सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी शैलेंद्र नाथ त्रिवेदी, के.पी .पटेल, जय बीर बैगा, वनरक्षक अविनाश नामदेव, अरुण कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## खास खबर

### 18 अगस्त को निगम के मुख्य कार्यालय में होगा आवास आबंटन

श्रमबिन्दु / भिलाई



मोर मकान मोर आस प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही को दस प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर 18 अगस्त को होने वाले लॉटरी पद्धति के आबंटन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रधानंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृति विभिन्न स्थलों में निर्मित व निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन पश्चात हितग्राहियों से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराया गया है एवं मोर मकान मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों द्वारा समानुपातिक अंशदान की राशि एकमुश्त जमा कर दिया गया है। ऐसे सभी हितग्राहियों का दिनांक 18 अगस्त को सुबह 10:30 बजे निगम मुख्यालय सुपेला मे लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन किया जाना है। आवास आबंटन हेतु हितग्राही योजना शाखा से लॉटरी सूचना पत्र प्राप्त कर लेवे। पात्र आवेदक दिनांक 16 अगस्त तक आवास का अंशदान की राशि जमा कर लॉटरी में सम्मिलित हो सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात राशि जमा करने पर आगामी लॉटरी में शामिल किया जावेगा।

लॉटरी में शामिल होने हेतु हितग्राही अपना अंशदान जमा रसीद की मूलपति, मूल आधार कार्ड, आवेदन पत्र की पावती तथा लॉटरी का सूचना पत्र के साथ निर्धारित स्थल एवं समय में स्वंय उपस्थित रहेंगे, हितग्राही यदि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकजन हो तो प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवास शाखा कक्ष क्रं. 16 में पुष्टि हेतु 16 अगस्त तक प्रस्तुत करेंगे अन्य जानकारी हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रं. 16 प्रधानमंत्री आवास शाखा के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन से संपर्क कर सकते है।

### अब यूनियन के कार्यशैली में तेजी आएगी



श्रमबिन्दु / भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस) के अध्यक्ष एवं महामंत्री को भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर के द्वारा भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन को जो सेक्टर 06, में बी मार्केट के सामने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कार्यालय के लिये आवंटित किया गया है उसकी चाबी प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति में सौंपी गई महामंत्री रवि शंकर सिंह जी ने कहा यूनियन का वर्तमान कार्यालय जो एक कमरे का बहुत छोटा है जिसमें यूनियन की दैनिक गतिबिधि संचालित करने में दिक्कत होती थी लेकिन नया कार्यालय में स्थानांतरित होने पर यूनियन की गतिविधि सुचारू रूप से चलेगी कार्यकारी अध्यक्ष चन्ना केशलू ने कहा की अब यूनियन के कार्यशैली में तेजी आएगी।

### शहर के 30 स्थानों पर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जाएगा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में आज डाटा सेंटर सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता व आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं एमआईसी सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। बैठक में 25 एजेंडों पर बारी-बारी चर्चा की गई। सभी विषयों पर विचार विमर्श कर एजेंडावार निर्णय लिया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी,संजय कोहले,ॠषभ जैन, दीपक साहू,भोला महोविया,हमीद खोखर,सत्यवती वर्मा,जमुना साहू,शंकर ठाकुर गिरीश दीवान,आरके बोरकर,संजय ठाकुर,जावेद अली,पंकज चंद्रवंशी,थानसिंह यादव,शुभम गोइर,मुन्ना यादव,ॠतु बघेल आदि मौजूद रहे।

# दुकान होगे हरा भरा, आयुक्त ने किया कार्य की समीक्षा

श्रमबिन्दु / भिलाई



शहर के बाजार क्षेत्र को हरा भरा करने व खुबसुरत बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई, चेम्बर आफकॉमर्स एवं व्यापारिक समिति के सहयोग से बड़े बाजार क्षेत्र के दुकानो के सामने रखने गमले में पौधा का वितरण करेगा यह अभियान 15 अगस्त से होगा प्रारंभ।

आयुक्त रोहित व्यास ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा की राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त से निगम क्षेत्र के व्यापारियों के सहयोग से शहर के बाजार क्षेत्र के दुकानों के सामने गमले में पौधा रखने के अभियान की शुरूवात किया जाना है। जिसके लिए चेम्बर आफकॉमर्स तथा व्यापारिक समिति से निगम द्वारा आवश्यक सहयोग लिया जायेगा। शुरूवात में आकाशगंगा, सुपेला, गोल मार्केट वैशाली नगर, सर्कुलर जवाहर मार्केट पावर हाउस, न्यू खुर्सीपार मार्केट तथा ए मार्केट सेक्टर 06 के दुकानों को इस अभियान में शामिल किया जाएगा।

दुकानदार अपने दुकान के सामने गमले में पौधा रखेगें ताकि मार्केट क्षेत्र हरा भरा और खुबसुरत दिखे, उन्होने जोन आयुक्तों से कहा की सड़क प्रकाश व्यवस्था का जायजा लेकर बंद पड़े लाईट को बदल कर मार्ग को प्रकाशमय बनाएं विशेष रूप से जी.ई.रोड को तत्काल रोशनी से युक्त करें।

आयुक्त श्री व्यास ने 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के मद से चल रहे कार्यो की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए की प्रगतिरत कार्य को शीध्र पूर्व करे तथा अप्रारंभ कार्यो को इसी माह प्रारंभ कर लें। उन्होने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया कि जोन आयुक्त ये सुनिश्चित कर ले कि जोन क्षेत्र के वार्ड से निकलने वाले कचरे का निष्पादन उसी जोन में स्थापित एस.एल.आर.एम. सेंटर में ही हो। मतदान केन्द्रो का भ्रमण कर केन्द्रो में लाईट पानी रैम्प, शौचालय की स्थिति दुरूस्त कर लेवें। मुख्यमंत्री स्कुल जतन योजना के कार्यों की प्रगति से अवगत होकर अपूर्ण कार्य को शीध्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए है।

बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, संजय बागड़े, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं विभाग प्रमुख आदि उपस्थित थे।

**विधायक देवेन्द्र ने आदिवासी मंडल के भवन का विस्तार हेतु दस लाख रुपए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के माध्यम से उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन**

# विश्व आदिवासी दिवस भव्य आयोजन

श्रमबिन्दु / भिलाई

**भिलाई दुर्ग आदिवासी समाज 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के संवैधानिक पर आक्रोश रैली निकाल कर देश के विभिन्न अंचलों में हो रहे हमारी बहन बेटियों के शोषण एवम अत्याचार तथा आदिवासियों के अधिकारों का हनन के प्रति अपना विरोध व्यक्त किया। कार्यक्रम दो सत्र में नेहरू सास्कृतिक भवन सेक्टर 01 भिलाई में सपन्न हुआ. प्रथम सत्र में प्रमुख अतिथि मान् देवेन्द्र यादव विधायक भिलाई नगर, विशेष अतिथि सुनिल रामटेके सेल एसी एसटी इम्प फेडरेशन नई दिल्ली, विजय साहु जी निदेशक अक्षय ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़. तथा दिव्तीय सत्र के मुख्य अतिथि महादेव कावरें सभागीय आयुक्त दुर्ग.छगं. विशिष्ट अतिथि पवन कुमार अधिशासी निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र. सुनिल रामटेके सेल एसी एसटी इम्प फेडरेशन नई दिल्ली, अध्यक्षता मान् बारेलाल चन्द्र वशी, तथा प्रमुख वक्ता के रूप में मान् डां लक्षमण यादव जी प्राध्यापक दिल्ली युनिवर्सिटी नई दिल्ली प्रमुख थे.**

**बाबा साहेब अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज विरोधी ताकतों का प्रतिकार किया जा सकता : सुनील रामटेके**



कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्यातिथि देवेंद्र यादव ने प्रकृति देव का पूजा अर्चना कर समाज के महान विभूतियों को पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा मुझे आदेश करिए, मैं सदैव आपके साथ हूं,मुझे इस शिखर तक पहुंचाया ,यह आप का उपकार है। भिलाईनगर के लोकप्रिय विधायक यादव ने समाज की मांग को स्वीकारते हुए राधिकानगर ,सुपेला थाना के पास स्थित आदिवासी मंडल के भवन का विस्तार एवम सुविधाओं की पूर्णता हेतु दस लाख रुपए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के माध्यम से उपलब्ध कराने का वचन दिया।

विशेस अतिथि के रूप में मंचाशीन सुनील कुमार रामटेके ( चेयरमैन सेल एस सी/ एस टी फेडरेशन दिल्ली)ने अपने उद्बोधन में सारे मूलनिवासियों को एक साथ संगठित होकर बाबा साहेब अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज विरोधी ताकतों का प्रतिकार किया जा सकता है। जातियों को आधार मानकर मूलनिवासियों बिखरना समाज के लिए घातक है। कार्यक्रम को विजय साहू ज( निदेशक अक्षय ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़)ने भी संबोधित किया। विश्वास आदिवासी दिवस मंच में आयोजित अतिथियों ने क्रमबद्ध विश्व आदिवासी दिवस पर अपने विचार रखते हुए प्रमुख रूप से डॉक्टर लक्ष्मण यादव जी ने महान शहीद तिलका मांझी शहीद वीर नारायण सिंह जयपाल मुंडा डॉक्टर अंबेडकर पेरियार महान पुरुषों को याद करते हुए मणिपुर की स्थिति घटना पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आज देश में संविधान खतरे में आज देश में एसी एसटी समुदाय के हक और अधिकारों को छिना जा रहा है मणिपुर की घटना को ध्यान आकर्षित करते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा असफल हो चुका है जहा महिला सुरक्षित नहीं है देश में बुनियादी सुविधाएं जैसे आज भी जल जंगल जमीन के नाम पर एससी एसटी ओबीसी तथा वर्गों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायतों का आर्थिक हालत दयनीय : गुप्ता

श्रमबिन्दु / धमतरी

**हमर छत्तीसगढ़ पार्टी के कोषाध्यक्ष एवं धमतरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने प्रदेश के ग्राम पंचायतों एवं पंच सरपंच की दयनीय स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर एवं नेट वर्किंग की सुविधा नही है वही पड़ौसी उड़ीसा एवं म.प्र. में 80 से 85 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर ने वर्क लगे हुए 4 से 5 साल हो चुके है।**



श्री गुप्ता ने कहा कि ग्राम पंचायतों को केन्द्र से सीधे विकास हेतु राशि उपलब्ध कराया जाता है जिसे गौठानों में लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायते गांव में सड़क नाली एवं छोटे मोटे कार्य करने के लिए विधायकों सांसदों का मुह ताकते रहते हैं। श्री गुप्ता ने गौठानों में घटिया जैविक खाद बनाने एवं किसानों को जबरिया सहकारी संस्थाओं के माध्यम से दिए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद उपलब्ध कराने में सरकार विफल रही है वहीं दूसरी ओर कंकर पत्थर मिश्रित जैविक खाद देकर यह सरकार वाहवाही लूटने का कार्य कर रही है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से जैविक खाद जबर्दस्ती उपलब्ध कराए जाने की निंदा की एवं 1000 रू प्रति क्विंटल के स्थान पर 500 रू. प्रति क्विंटल जैविक खाद दिए जाने का सुझाव भी दिया है।

# आज से निकलेगी तिरंगा यात्रा, जहाँ शाम होगा वही रात रुकेंगे विधायक देवेंद

श्रमबिन्दु / भिलाई

**विधायक देवेंद्र यादव हजारों शहर वासियों के साथ मिल कर आजादी के 76 वर्ष पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकालेंगे। आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। और इस यात्रा में नेन्हे मुन्ने महात्मा गांधी, भारत माता,सुभाष चंद्र बोष आदि महापुरूषों का रूप धरे बच्चे भी इस यात्रा में शामिल होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।**

12 अगस्त की सुबह 8.30 बजे रथ पार्क से न्यू सिविक सेंटर से शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही सेक्टर 10 से काफी हाउस से उत्कल रोड से बी मार्केट से सेक्टर 9 गोल मार्केट होते हुए सेक्टर 9 मेंटेनेंस ऑफिस, सेक्टर 9 काफी हाउस से नर्सिंग कॉलेज से सेक्टर 9 मार्केट से हॉस्पिटल सेक्टर पहुंचेंगे।



10.30 बजे हुडको पानी टंकी से परी पार्क से श्रीराम चौक से मिलन चौक से हुडको एलआईजी स्ट्रिट्स से 12.00 बजे शहीद कौशल यादव स्मारक मल्यापन कार्यक्रम एवं टी प्वाइंट हुडको मैदान डोम शेड पहुंचेंगे। फिर 12.30 बजे यात्रा प्रारंभ की जाएगी। शहीद कौशल स्मारक हुडको से एंजल वैली स्कूल से 32 बंगला, सेक्टर 8 पेट्रोल पंप से महिला कॉलेज, हनुमान मंदिर, सेक्टर 8 ग्राउंड से गोल मार्केट से बीएनएस स्कूल से स्ट्रीट 2 से नेहरू नगर अंडर ब्रिज से सेक्टर 7 प्रवेश करेंगे।

समय 1.30 बजे सेक्टर 7 स्ट्रीट 39 से गणेश मंच से सेक्टर 7 क्लब से स्ट्रीट 30 से गवर्नमेंट मिडिल स्कूल से बीएसपी मेंटेनेंस ऑफिस से सेक्टर 7 मार्केट से पानी टंकी डोम शेड मैदान भोजन अवकाश एवं विश्राम (2.00 बजे) करेंगे। यात्रा पुनः प्रारंभ 3.30 बजे से किया जाएगा। सेक्टर 7 पानी टंकी डोम शेड से स्ट्रीट 33 बिल्डिंग से एवेन्यू ए से होसन्ना चर्च सेक्टर 6 प्रवेश करेंगे। फिर समय 4.15 बजे

सेक्टर 6 तेलगु पारा, बी 3 से एमजीएम स्कूल, पीएनटी कॉलोनी से बोरिया से पुलिस लाइन से रसियन ब्लॉक से सेक्टर 6 ए मार्केट से सेक्टर 6 बी मार्केट से एचएससीएल कॉलोनी से सेक्टर 6 हॉस्पिटल से रूई मार्केट से सी मार्केट से स्ट्रीट 11-12-13 से सेक्टर 2 प्रवेश करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे सेक्टर 2 में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका शुरुआत सेक्टर 2 चौक से भिलाई विद्यालय चौक से सेंट्रल एवेन्यू होते हुए चौरसिया पान, सड़क 15, दुर्गा मंच तक पहुंचेंगे। 6.30 बजे जनता के साथ बैठ कर चाय पियेंगे। इसके बाद सड़क 15, सड़क 16, इस्पात क्लब, सेक्टर 2 मार्केट, हनुमान मंदिर रोड, सड़क 4, सड़क 5, सेक्टर 2 बी मार्केट, सड़क 11, सड़क 14 से सेंट्रल एवेन्यू से बीएसएनएल चौक पहुँचेगे। सेक्टर 1 प्रारंभबीएसएनएल चौक से शनिचर मार्केट, सेक्टर 1 स्टेडियम रोड से मार्केट रोड से क्रॉस स्ट्रीट से सड़क 4, सी मार्केट सेक्टर1, सड़क 3, सेक्टर 1 बी मार्केट से दुर्गा पूजा ग्राउंड से एसबीआई चौक से पोस्ट ऑफिस रोड से वाटर एटीएम चौक से सड़क 12 13 14 15 होते हुए सड़क 36 से विवेकानंद पार्क समय 8.30 बजे प्रथम दिन यात्रा विश्राम कुल दूरी तय 30 किमी रात्रि विश्राम सेक्टर 1 पार्क में करेंगे।

### पिछले साल भी निकाले थे यात्रा

हर साल की तरह इस साल भी विधायक देवेंद्र यादव तिरंगा यात्रा निकालने वाले है। इसके लिए तैयारी चल रही है। 12, 13 और 14 अगस्त को यात्रा निकाली जाएगी।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभाग स्तरीय सम्मेलन आज गोडवाना भवन दुर्ग में पांच हजार सामाजिक बन्धु आयेगे

श्रमबिन्दु / दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छ.ग. द्वारा दुर्ग संभाग स्तरीय सामाजिक समागम एवं समाज के प्रमुख जनो का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम का आयोजन भा.ज.पा. के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर एवं डा. रमन सिंह के निर्देशन व अरुण साव प्रदेश भा.ज.पा. अध्यक्ष के मार्गदर्शन मे प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा के नेतृत्व मे गजेन्द यादव के संयोजन मे किया जा रहा है ।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य के स?बध में पत्रकार वार्ता में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने बताया कि कम जन संख्या व विभिन्न जातियो एवं पिछड़े वर्ग में आने वाले समस्त जातियो के लोगो एवं समाज प्रमुखो को एक स्थान पर एक समूह में लाकर जोड़ना है । श्री वर्मा व श्री यादव ने बताया कि भा.ज.पा. पिछड़ा वर्ग मोर्चा छ.ग. के इस आयोजन मे अभी तक प्रमुख समाजो देवांगन समाज, यादव समाज, कुर्मी, लोहार समाज, साहू समाज सेन समाज धोबी समाज, भोई समाज मरार समाज बरई समाज, पनिका समाज . कलार समाज, श्रीवास समाज, सोनी समाज, ढीमर समाज, गोस्वामी समाज, सारथी समाज। श्रीवास समाज बया महार समाज, कुंभकार समाज सोनकर समाज गंधर्व समाज कसेर समाज, पटवा समाज, बेलदार समाज के प्रमुख जनो ने आने हेतु अपनी सहमति प्रदान की है ।

गोडवाना भवन सिविल लाईन दुर्ग मे 12 अगस्त शनिवार को दोप. 12 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पाटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी मनसुख मांडविया भा.ज.पा. पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य राज्य सभा सदस्य डा. के. लक्ष्मण एवं भा.ज.पा. के छ ग सह प्रभारी नितिन नवीन प्रदेश भा.ज.पा. अध्यक्ष अरुण साव पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद संगमलाल गुप्ता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी छ.ग. बेल जी भाई मसानी लोकसभा सासंद विजय बघेल जी राज्य सभा सासंद सुश्री सरोज पाण्डे , सहित भा.ज.पा. के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेगे ।पत्रकार वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि जनो द्वारा सभी समाज प्रमुख जनो का सम्मान किया जायेगा तत्पश्चात मांडविया एवं के. लक्ष्मण सभी समाज प्रमुखो से व्यक्तिगत भेट कर विभिन्न सामाजिक विषयो पर चर्चा भी करेंगे । इस कार्यक्रम में 5000 लोगो को लाने हेतु लक्ष्य रखा गया है।

पत्रकार वार्ता में पिछड़ा वर्ग मोर्चा छ.ग. प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू प्रदेश उपाध्यक्ष शिव चंद्रकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुंदरलाल साहू जिलाध्यक्ष भिलाई,पिछडा वर्ग मोर्चा के अनिल साहू भाजपा नेता अनुप गटागट आशीष यादव भी उपस्थित थे।

# दुर्ग विधायक ने मुख्यमंत्री की तुलना की भगवान शंकर से यह बयान शर्मनाक व अमर्यादित : चौहान

श्रमबिन्दु / दुर्ग

**मुख्यमंत्री वही दूसरी तरफकांग्रेस विधयाक वोरा ने मुख्यमंत्री की तुलना भगवान से करते है, यह निंदनीय है। भाजपा नेता के एस चौहान ने कहा है कि यह आलोचना न केवल अयोग्य, बल्कि आदर्शों का भी अपमान है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तुलना भगवान शंकर से करना मूलत: अनयास ही अनुचित है।**



यह बयान राजनीति के स्तर को नीचा गिराता है और उनकी नैतिकता को संदेहास्पद बनाता है। विधायक वोरा को इसके लिए सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी चाहिए।श्री चौहान ने कहा है कि विधायक वोरा ने मीडिया के सामने मुख्यमंत्री से, भगवान शंकर की तुलना बताकर उनके प्रति अवगुण साबित किए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह न केवल निष्ठाहीन हैं, बल्कि उनका व्यक्तिगत और आदर्शहीन विचारधारा भी है। उनका उल्लेख अपने प्रतिद्वंद्वियों के स्तर पर खोटी और घातक धाराओं में किया जा रहा है, जो कि राजनीतिक मानसिकता का परिणाम है।यह परिपत्रित करने वाली रजनीति न सिर्फ नीचता की निशानी है, बल्कि समाज में असमाजिकता को बढ़ावा देने वाली है। एक सभ्य और सामाजिक समाज के नेता के रूप में, विधायक वोरा की यह प्रवृत्ति संगीतित होती है जो हमारे समाज की मूलभूत मूल्यों और नैतिकता के खिलाफ है। उन्हें नीतिगत और नैतिक मामूलों की पुनरावलोकन की आवश्यकता है, जिससे उनकी नेतिकता को पुनर्स्थापित किया जा सके। दुर्ग विधायक केवल अपनी खुर्सी बचाने के लिए जनता के भावना से ना खेले। यह असमजिक कृत्य है ।अपने अप्रासंगिग कृत्यो से दुर्ग और प्रदेश की जानता को शर्मसार ना करे।

स्वामी / प्रकाशक / एवं मुद्रक शिव श्रीवास्तव द्वारा विकास प्रकाशन 208 आकाशगंगा भिलाई से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-दिलीप श्रीवास्तव, कार्यकारी संपादक - अर्जुन झा* * पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-पुरेन्द्र देशमुख।